दिनांक–19.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision to SITC of VRF system along with audio & video system at Dakshta Bhawan auditorium in the campus of BIPARD Skill Park, Patna कार्य के वित्तीय बीड के निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही–

---

उपस्थिति

(i) श्री प्रणव कुमार, – अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(ii) श्री असीम कुमार, – सदस्य
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(iii) श्री असीम कुमार, – सदस्य
मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(iv) श्री विकाश कुमार पाण्डेय, – सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना ।

1. कार्य का नाम– Provision to SITC of VRF system along with audio & video system at Dakshta Bhawan auditorium in the campus of BIPARD Skill Park, Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 2,88,52,932/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग – बिपार्ड, पटना का पत्रांक–4783, दिनांक–04.10.2025
4. तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 2,88,52,932/–
5. परिमाण विपत्र की राशि – रु0 2,86,59,634/–
6. ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 97/2025–26 (विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना)
7. समाचार पत्र में प्रकाशन का प्रसंग – हिन्दुस्तान, दिनांक–24.12.2025
8. प्रकाशन का पी0आर0 संख्या – 020212(BCD)/2025–26
9. ई–निविदा आमंत्रण की तिथि – 22.12.2025
10. प्री–बीड बैठक की तिथि – 06.01.2026
11. ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि–16.01.2026
12. <u>द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का नाम एवं पता</u>
(i) मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली ।
(ii) मेसर्स कूल केयर होम, पटना ।
(iii) श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना ।
13. <u>दिनांक–18.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–</u>

प्रथम बार आमंत्रित ई–निविदा में कुल चार निविदादाताओं यथा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली, मेसर्स कूल केयर होम, पटना, श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना एवं मेसर्स सविश इंटीरियो, नई दिल्ली के द्वारा भाग लिया गया था, जिसमें एकमात्र निविदादाता यथा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली के सफल होने के परिणामस्वरूप वित्त विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में उक्त निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया था ।

दिनांक–17.04.2026 को हुई विभागीय निविदा समिति की बैठक में विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में एकमात्र निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को सफल घोषित करने का निर्णय लेते हुए दिनांक–24.04.2026 तक आपत्ति की मांग की गई थी, जिसमें मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली के द्वारा आपत्ति दिया गया था । इस हेतु दिनांक–12.06.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के द्वारा उक्त आपत्ति को खारिज करते हुए एकमात्र निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को वित्त विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–7806, दिनांक–30.09.2016 के आलोक में सफल घोषित करते हुए वित्तीय बीड को खोलने का निर्णय लिया गया । उक्त निर्णय के आलोक में मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–335 (वि), दिनांक–15.06.2026 के द्वारा विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना/विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना को वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेशित किया गया ।

तद् आलोक में विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना के पत्रांक–1017, दिनांक–17.06.2026 द्वारा तकनीकी बीड में एकमात्र सफल निविदादाता का वित्तीय बीड खोलकर समर्पित किया गया है । तदनुसार, वित्तीय बीड की विवरणी निम्नवत् है–

| क्र0 | निविदादाता का नाम एवं पता | परिमाण विपत्र की राशि | निविदादाता द्वारा उद्धृत राशि | परिमाण विपत्र से उद्धृत दर की तुलना | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| (i) | श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना | रु0 2,86,59,634.00 | रु0 2,77,96,979.02 | परिमाण विपत्र की राशि से 3.01% Below | |

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक में तुलनात्मक विवरणी के समीक्षोपरान्त ज्ञात हुआ कि श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना का उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से 3.01% कम है । उल्लेखनीय है कि संबंधित निविदादाता के द्वारा भवन निर्माण विभाग के विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–1, पटना एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–2, पटना के द्वारा निर्गत समरूप प्रकृति के कार्यों का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है, जो सही है ।

14. दिनांक–18.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक का निर्णय–

सम्यक् विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा में एकमात्र सफल निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को परिमाण विपत्र की राशि से 3.01% कम अर्थात् कुल राशि रु0 2,77,96,979/– (दो करोड़ सतहत्तर लाख छियानवे हजार नौ सौ उनासी) मात्र पर कार्य आवंटित करने की अनुशंसा के साथ विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया ।

15. विभागीय निविदा समिति का निर्णय–

दिनांक–18.06.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के स्तर से सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा में एकमात्र सफल निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को परिमाण विपत्र की राशि से 3.01% कम अर्थात् कुल राशि रु0 2,77,96,979/– (दो करोड़ सतहत्तर लाख छियानवे हजार नौ सौ उनासी) मात्र पर कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया । तदनुसार, मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना स्वीकृत्यादेश निर्गत करेंगे । इसे विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19/6/26 | 19/6/26 | 19/6/26 | 19/6/26 |
| (विकाश कुमार पाण्डेय) | (असीम कुमार) | (असीम कुमार) | (प्रणव कुमार) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना। | मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, पटना। | अभियंता प्रमुख (विद्युत), भवन निर्माण विभाग, पटना। | सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना। |

ज्ञापांक–प्र022/भ0वि0प्राक्र0–454/25– 352 (वि0) दिनांक– 19/6/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

19/6/26

(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।